**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3179**
**दिनांक 22 मार्च, 2022 / 01 चैत्र, 1944 (शक) को उत्तर के लिए**

**तस्करी के मामले**

**†3179. श्रीमती प्रतिमा मण्डलः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या देश में हथियारों, नशीली दवाओं, तंबाकू उत्पादों आदि सहित विभिन्न वस्तुओं की तस्करी के मामले बढ़ रहे है;**
**(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान जब्त की गई वस्तुओं की राज्य-वार संख्या सहित सूचित किए गए ऐसे मामलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और**
**(ग) सरकार द्वारा तस्करी के मामलों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)**
(क) और (ख): राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा वर्ष 2020 से संबंधित नवीनतम प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018, 2019 और 2020 में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किए गए मामलों तथा आयुध अधिनियम के अंतर्गत अवैध/बिना लाइसेंस वाले हथियारों के संबंध में दर्ज किए गए मामलों का राज्य-वार ब्यौरा अनुलग्नक-। में संलग्न है। वर्ष 2018, 2019 और 2020 में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जब्तियों का ब्यौरा अनुलग्नक-।। में संलग्न है और वर्ष 2018, 2019 और 2020 में आयुध अधिनियम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार हथियारों की जब्ती का ब्यौरा अनुलग्नक-।।। में संलग्न है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार वर्ष 2018-19 से 2021-22 के दौरान तम्बाकू उत्पादों की राज्य-वार जब्तियों का ब्यौरा अनुलग्नक-IV में संलग्न है।

(ग): सरकार नशीली दवाओं, हथियारों और तम्बाकू उत्पादों की तस्करी को रोकने के लिए विभिन्न कदम उठा रही है। इनमें से कुछेक उपाय निम्नानुसार हैं:-

**लोक सभा अता. प्र.सं. 3179, दिनांक 22.03.2022**

(i) सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों, विभागों तथा केंद्र और राज्यों की विधि प्रवर्तन एजेंसियों के बीच कार्यों का प्रभावी समन्वय करने के लिए वर्ष 2016 में नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की शुरुआत की है। इस तंत्र को वर्ष 2019 में 4 स्तरीय ढांचे में पुनर्गठित किया गया था:-

1) शीर्ष समिति (केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में)
2) कार्यकारी समिति (विशेष सचिव (आईएस), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में)
3) राज्य स्तरीय समिति (संबंधित राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में)
4) जिला स्तरीय समिति (जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में)।

(ii) भारत ने स्वापक औषधियों और मनःप्रभावी पदार्थों एवं रासायनिक उत्प्रेरकों की अवैध तस्करी और संबंधित अपराधों से निपटने के लिए विभिन्न देशों के साथ सुरक्षा सहयोग से संबंधित 26 द्विपक्षीय समझौतों, 15 समझौता ज्ञापनों और 02 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

(iii) मादक पदार्थों की राष्ट्र-पारीय तस्करी से निपटने हेतु सूचना और आसूचना को साझा करने के लिए स्वापक नियंत्रण ब्यूरो विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों जैसे कि सार्क ड्रग ऑफेंसिज मॉनीटरिंग डेस्क (एसडीओएमडी), ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स), कोलम्बो प्लान, दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्र संगठन (आसियान), आसियान सीनियर ऑफिशियल ऑन ड्रग मैटर्स (एएसओडी), बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक), शंघाई काउंसिल कोऑपरेशन (एससीओ), यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग एण्ड क्राइम (यूएनओडीसी), अंतर्राष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (आईएनसीबी) आदि के साथ समन्वय करता है।

(iv) आयुध अधिनियम, 1959 में आग्नेयास्त्रों के अवैध व्यापार को रोकने के लिए अधिनियम की धारा 19 से 25 के तहत विनियामक प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। इस अधिनियम के अंतर्गत, राज्य पुलिस प्राधिकारियों के अतिरिक्त, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कार्मिकों को भी किसी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से रखे गए/व्यापार किए गए हथियारों और गोलाबारूद की तलाशी तथा जब्ती करने की शक्ति प्रदान की गई है। आयुध (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत आग्नेयास्त्रों की अवैध तस्करी के लिए दांडिक प्रावधानों को और अधिक सख्त बनाया गया है। केंद्र सरकार ने अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय-समय पर एडवाइजरी जारी की हैं।

(v) केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधीन फील्ड फार्मेशन और राजस्व आसूचना महानिदेशालय वस्तुओं के अवैध आयात/तस्करी पर निरंतर नजर रखते हैं। मामलों का पता चलने पर, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और कानून के अन्य मौजूदा प्रावधानों, जैसा कि लागू है, के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाती है।

*****

**लोक सभा अता. प्र. सं. 3179 दिनांक 22.03.2022**

**अनुलग्नक-I**

वर्ष 2018, 2019 और 2020 में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किए गए मामलों तथा आयुध अधिनियम के अंतर्गत अवैध/बिना लाइसेंस वाले हथियारों के संबंध में दर्ज किए गए मामलों का ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किए गए मामले | | | आयुध अधिनियम के अंतर्गत अवैध/बिना लाइसेंस वाले हथियारों के संबंध में दर्ज किए गए मामले | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018 | 2019 | 2020 | 2018 | 2019 | 2020 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 534 | 717 | 866 | 23 | 33 | 24 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 122 | 124 | 132 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | असम | 478 | 841 | 983 | 224 | 223 | 241 |
| 4 | बिहार | 615 | 697 | 964 | 2566 | 2976 | 3166 |
| 5 | छतीसगढ़ | 712 | 707 | 875 | 123 | 123 | 64 |
| 6 | गोवा | 222 | 218 | 147 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | गुजरात | 150 | 289 | 308 | 497 | 528 | 546 |
| 8 | हरियाणा | 2587 | 2677 | 3060 | 1929 | 1995 | 2185 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1342 | 1439 | 1538 | 8 | 5 | 7 |
| 10 | झारखंड | 237 | 242 | 415 | 533 | 502 | 490 |
| 11 | कर्नाटक | 1030 | 1652 | 4054 | 59 | 73 | 88 |
| 12 | केरल | 8724 | 9245 | 4968 | 66 | 85 | 80 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 1874 | 3432 | 3155 | 4113 | 3832 | 3246 |
| 14 | महाराष्ट्र | 12195 | 14158 | 4714 | 587 | 906 | 713 |
| 15 | मणिपुर | 381 | 338 | 304 | 16 | 18 | 28 |
| 16 | मेघालय | 81 | 117 | 76 | 17 | 3 | 14 |
| 17 | मिजोरम | 164 | 160 | 97 | 2 | 8 | 4 |
| 18 | नागालैंड | 66 | 142 | 115 | 78 | 72 | 91 |
| 19 | ओडिशा | 573 | 980 | 1179 | 359 | 92 | 11 |
| 20 | पंजाब | 11654 | 11536 | 6909 | 265 | 312 | 357 |
| 21 | राजस्थान | 1862 | 2592 | 2743 | 1909 | 2092 | 2458 |
| 22 | सिक्किम | 7 | 20 | 19 | 0 | 0 | 3 |
| 23 | तमिलनाडु | 3717 | 4329 | 5403 | 72 | 151 | 177 |
| 24 | तेलंगाना | 311 | 464 | 509 | 31 | 24 | 3 |
| 25 | त्रिपुरा | 431 | 316 | 307 | 10 | 8 | 3 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 8821 | 10198 | 10852 | 21549 | 25358 | 26305 |
| 27 | उत्तराखंड | 1064 | 1396 | 1282 | 823 | 1028 | 768 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 1479 | 1421 | 1626 | 1679 | 2280 | 1099 |
| | **कुल राज्य** | **61433** | **70447** | **57600** | **37551** | **42738** | **42186** |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 49 | 133 | 55 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 178 | 226 | 134 | 9 | 9 | 29 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 3 | 0 | 5 | 6 | 2 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 507 | 712 | 748 | 1135 | 2252 | 2059 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 938 | 1173 | 1222 | 154 | 113 | 120 |
| 34 | लद्दाख | - | - | 2 | - | - | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 8 | 4 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 21 | 26 | 36 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | **1704** | **2274** | **2206** | **1304** | **2376** | **2208** |
| | **कुल (अखिल भारत)** | **63137** | **72721** | **59806** | **38855** | **45114** | **44394** |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी

नोट: + पूर्ववर्ती दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े

* लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू एवं कश्मीर राज्य के आंकड़े।

**अनुलग्नक-II**

## वर्ष 2018, 2019 और 2020 में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जब्तियों का ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018 | | | 2019 | | | 2020 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जब्त की गई नशीली दवाएं किग्रा. में | जब्त की गई नशीली दवाएं संख्या में | जब्त की गई नशीली दवाएं लीटर में | जब्त की गई नशीली दवाएं किग्रा. में | जब्त की गई नशीली दवाएं संख्या में | जब्त की गई नशीली दवाएं लीटर में | जब्त की गई नशीली दवाएं किग्रा. में | जब्त की गई नशीली दवाएं संख्या में | जब्त की गई नशीली दवाएं लीटर में |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 33930.522 | 0 | 0 | 66669.529 | 160 | 0 | 106042.775 | 0 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1869.208 | 874 | 0 | 1993.75 | 0 | 0 | 4032.54 | 0 | 0 |
| 3 | असम | 15485.596 | 163525 | 54346.2 | 17352.544 | 1604127 | 7377.658 | 9256.162 | 1138466 | 8554.8 |
| 4 | बिहार | 32442.97 | 20516 | 2053.46 | 5124.761 | 4910 | 675.26 | 13162.231 | 333 | 5933.7 |
| 5 | छतीसगढ़ | 36785.864 | 127277 | 3457.72 | 19953.225 | 86079 | 1308.5 | 29743.484 | 96445 | 988.31 |
| 6 | गोवा | 79.469 | 0 | 0 | 85.215 | 2 | 0 | 149.542 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 12780.186 | 27126 | 0 | 14923.489 | 4200 | 0 | 13213.214 | 33030 | 894.325 |
| 8 | हरियाणा | 16233.507 | 727425 | 1257.723 | 16806.228 | 892131 | 36479.2 | 24695.602 | 1666911 | 2197.8 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1072.006 | 160609 | 496.1 | 1763.853 | 200386 | 970 | 3899.779 | 3210547 | 14 |
| 10 | झारखंड | 3463.958 | 1835 | 98.105 | 4073.335 | 3834 | 455.816 | 8830.645 | 4882 | 345.23 |
| 11 | कर्नाटक | 7489.246 | 2871 | 6 | 7800.718 | 1705 | 5 | 21729.793 | 12246 | 1.61 |
| 12 | केरल | 1378.325 | 21075 | 0.012 | 2548.475 | 5661 | 0 | 3060.459 | 1444 | 2.1 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 3118721.42 | 629315 | 570.8 | 60864.128 | 40839 | 4260.01 | 58084.552 | 279760 | 13611.3 |
| 14 | महाराष्ट्र | 19764.338 | 143022 | 908.8 | 20622.717 | 3220 | 4191.712 | 28832.304 | 66027 | 519.1 |
| 15 | मणिपुर | 40275.137 | 347309 | 6.544 | 46378.744 | 393309 | 48.324 | 4533.641 | 1117388 | 5908.02 |
| 16 | मेघालय | 1417.747 | 69592 | 0 | 1281.983 | 36 | 79 | 989.816 | 4234 | 2 |
| 17 | मिजोरम | 250.791 | 100 | 0 | 991.189 | 0 | 0 | 617.735 | 470 | 13.28 |
| 18 | नागालैंड | 2819.686 | 47125 | 300 | 1732.271 | 260849 | 1.134 | 791.676 | 179373 | 76.6 |
| 19 | ओडिशा | 50759.897 | 1628 | 726 | 61993.835 | 0 | 1112.2 | 81847.001 | 0 | 0 |
| 20 | पंजाब | 50045.181 | 6397919 | 368.401 | 44239.07 | 10214701 | 1526.716 | 37364.676 | 44649858 | 4517.19 |
| 21 | राजस्थान | 111430.2 | 1215771 | 201.86 | 310732.428 | 1510447 | 206.2 | 148602.246 | 3285638 | 64.82 |
| 22 | सिक्किम | 15000 | 1040 | 5 | 16.798 | 0 | 0 | 50000.387 | 19 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 12115.702 | 149032 | 0 | 28757.502 | 420 | 0 | 298785.294 | 5554 | 0 |
| 24 | तेलंगाना | 6054.095 | 0 | 0 | 13278.093 | 264 | 0 | 19708.291 | 509 | 150 |
| 25 | त्रिपुरा | 62674.611 | 643755 | 23017.8 | 15858.949 | 2156754 | 858528.82 | 14007.145 | 539241 | 10436.62 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 221760.042 | 306740 | 7172146.16 | 272197.319 | 1355373 | 10791849.82 | 327420.562 | 1401062 | 965896.17 |
| 27 | उत्तराखंड | 1609.563 | 117215 | 0 | 2073.105 | 52149 | 94 | 1848.326 | 450215 | 24 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 31079.905 | 15241 | 15692.604 | 36834.86 | 400747 | 21316.335 | 25509.802 | 363396 | 40627.132 |
| | **कुल राज्य** | 3908789.172 | 11337937 | 7275659.289 | 1076948.113 | 19192303 | 11730485.71 | 1336759.68 | 58507048 | 1060778.107 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 67.963 | 0 | 0 | 121.999 | 11761 | 78.2 | 159.235 | 921 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 51.709 | 5216 | 5.4 | 398.727 | 15098 | 2.4 | 95.953 | 5501 | 5.78 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 24.769 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7.36 | 0 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 6145.663 | 738256 | 1120 | 7895.937 | 1465832 | 3000 | 5483.247 | 123220 | 2558 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 19353.677 | 87713 | 7997.22 | 26517.388 | 164428 | 2133.3 | 27361.353 | 618361 | 40890.11 |
| 34 | लद्दाख | - | - | - | - | - | - | 0 | 0 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.65 | 0 | 0 | 0.466 | 0 | 0 | 0.936 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 13.541 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 77.155 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | 25657.972 | 831185 | 9122.62 | 34934.517 | 1657119 | 5213.9 | 33185.239 | 748003 | 43453.89 |
| | **कुल (अखिल भारत)** | 3934447.144 | 12169122 | 7284781.909 | 1111882.63 | 20849422 | 11735699.61 | 1369944.919 | 59255051 | 1104231.997 |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी

नोट: + वर्ष 2018 और 2019 के दौरान पूर्ववर्ती दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े

* वर्ष 2018 और 2019 के दौरान लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू एवं कश्मीर राज्य के आंकड़े।

**लोक सभा अता. प्र. सं. 3179 दिनांक 22.03.2022**

**अनुलग्नक-III**

वर्ष 2018, 2019 और 2020 में आयुध अधिनियम के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार हथियारों की जब्ती का ब्यौरा

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018 | 2019 | 2020 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 59 | 55 | 57 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 53 | 60 | 34 |
| 3 | असम | 323 | 335 | 365 |
| 4 | बिहार | 4160 | 3571 | 3742 |
| 5 | छतीसगढ़ | 1025 | 873 | 581 |
| 6 | गोवा | 7 | 8 | 15 |
| 7 | गुजरात | 613 | 643 | 650 |
| 8 | हरियाणा | 2177 | 2185 | 2428 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 23 | 17 | 29 |
| 10 | झारखंड | 736 | 782 | 705 |
| 11 | कर्नाटक | 126 | 142 | 170 |
| 12 | केरल | 211 | 203 | 136 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 14227 | 14281 | 11388 |
| 14 | महाराष्ट्र | 1647 | 2606 | 2646 |
| 15 | मणिपुर | 66 | 45 | 99 |
| 16 | मेघालय | 96 | 7 | 27 |
| 17 | मिजोरम | 3 | 8 | 10 |
| 18 | नागालैंड | 106 | 102 | 121 |
| 19 | ओडिशा | 357 | 110 | 20 |
| 20 | पंजाब | 573 | 750 | 881 |
| 21 | राजस्थान | 7334 | 7130 | 5453 |
| 22 | सिक्किम | 0 | 0 | 3 |
| 23 | तमिलनाडु | 167 | 291 | 364 |
| 24 | तेलंगाना | 146 | 104 | 88 |
| 25 | त्रिपुरा | 20 | 16 | 11 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 34105 | 36913 | 37616 |
| 27 | उत्तराखंड | 1234 | 1218 | 835 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2796 | 3718 | 1852 |
| | **कुल राज्य** | 72390 | 76173 | 70326 |
| 29 | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 0 | 1 | 0 |
| 30 | चंडीगढ़ | 9 | 12 | 35 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव+ | 6 | 2 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 2057 | 3954 | 3736 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर* | 433 | 327 | 484 |
| 34 | लद्दाख | - | - | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल संघ राज्य क्षेत्र** | 2505 | 4296 | 4255 |
| | **कुल (अखिल भारत)** | 74895 | 80469 | 74581 |

स्रोत: क्राइम इन इंडिया, एनसीआरबी

नोट: + वर्ष 2018 और 2019 के दौरान पूर्ववर्ती दादरा एवं नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र तथा दमण एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र के संयुक्त आंकड़े

* वर्ष 2018 और 2019 के दौरान लद्दाख सहित पूर्ववर्ती जम्मू एवं कश्मीर राज्य के आंकड़े।

**अनुलग्नक-IV**

**वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान तम्बाकू उत्पादों की राज्य-वार जब्ती का ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2018-2019 | | 2019-2020 | | 2020-2021 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | सिगरेट (स्टिक की मात्रा सं. में) | अन्य तम्बाकू उत्पाद (मात्रा किग्रा. में) | सिगरेट (स्टिक की मात्रा सं. में) | अन्य तम्बाकू उत्पाद (मात्रा किग्रा. में) | सिगरेट (स्टिक की मात्रा सं. में) | अन्य तम्बाकू उत्पाद (मात्रा किग्रा. में) |
| आंध्र प्रदेश | 71929 | 0 | 1896212 | 0 | 3035832 | 0 |
| बिहार और झारखंड | 74449227 | 269 | 7141362 | 785 | 2116589 | 5309 |
| दिल्ली | 78000 | 0 | 1756120 | 0 | 18715920 | 0 |
| गुजरात | 220440 | 0 | 25509 | 0 | 22000 | 0 |
| कर्नाटक | 6085336 | 0 | 3813840 | 0 | 418340 | 0 |
| केरल | 8199930 | 0 | 4806841 | 0 | 1351920 | 0 |
| मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 100420 | 0 |
| महाराष्ट्र और गोवा | 13454980 | 0 | 5869478 | 0 | 19261080 | 0 |
| पूर्वोत्तर क्षेत्र | 37032960 | 0 | 31228080 | 0 | 44429840 | 0 |
| ओडिशा | 13000 | 0 | 79800 | 0 | 194400 | 0 |
| पंजाब | 1549720 | 0 | 7362336 | 0 | 8257832 | 0 |
| राजस्थान | 9533920 | 0 | 16722640 | 0 | 4341400 | 0 |
| तमिलनाडु | 4162940 | 6237.48 | 9537514 | 4092.44 | 1377390 | 868.7 |
| तेलंगाना | 1377728 | 0 | 1640010 | 0 | 242200 | 0 |
| उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड | 8310880 | 0 | 7351760 | 0 | 22836080 | 0 |
| पश्चिम बंगाल | 5548646 | 0 | 10204760 | 0 | 10139768 | 0 |

स्रोतः सीबीआईसी